तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 16.3 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


जूना बिलासपुर सड़क पर डामरीकरण शुरू हो गया।

### गेवरा रोड से पेण्ड्रारोड के बीच किया जा रहा है ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर का कार्य
# गौरेला-पेण्ड्रा यार्ड के पास गोदाम में लगी आग

## आग से रबर पैड जलकर राख



### नुकसान का आंकलन नहीं

गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच रेल लाइन निर्माण कार्य चल रहा है। यहां एक ठेकेदार के गोदाम में आग लगी थी, जिसमें रबर पैड रखे हुए थे। फायर ब्रिगेड के आने के बाद आग पर काबू पाया गया। अब तक नुकसान का आंकलन नहीं किया गया है। पूछताछ में जानकारी मिली कि संभवत: आग गोदाम के पीछे खेत में आग लगाने के कारण हुई है। नुकसान के आंकलन की जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**- सौरभ सिंह**
थाना प्रभारी, गौरेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरेला से पेंड्रारोड के बीच नई रेल लाइन के पास यार्ड में संचालित एक निजी ठेकेदार के गोदाम में भीषण आग लग गई, जिसमें रबर पैड रखे हुए थे। आग के कारण करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। इस मामले में आरपीएफ के साथ लोकल पुलिस भी जांच में जुट गई है।

छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर के तहत गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच नई रेल लाइन का काम किया जा रहा है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ सरकार, इरकॉन, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की ओर से पूरी हो रही है। इसकी लागत 4304.72 करोड़ रुपए से बढ़कर 7448.52 करोड़ रुपए हो गई है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य उत्तरी छत्तीसगढ़ में बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराना और कोरबा क्षेत्र से कोयले के परिवहन को सुगम बनाना है। इसका कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। प्रतिदिन की तरह गेवरारोड से गौरेला पेण्ड्रा नई रेल लाइन का कार्य शुक्रवार को भी किया जा रहा था। इस दौरान दोपहर 12.30 से एक बजे के बीच अचानक मौके पर हंगामा शुरु हो गया। मौके पर काम करने वाले कर्मचारी और मजदूरों को सूचना मिली कि गौरेला ओवरब्रिज के बगल यार्ड में संचालित होने वाले जयपुर के एसआईएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम में भीषण आग लगी है। गोदाम में रबर पैड रखे हुए थे। यह रबर पैड रेल लाइन निर्माण के दौरान रेलवे ट्रैक और स्लीपर के बीच लगाने के काम आते हैं। सूचना मिलते ही ठेकेदार और कर्मचारी तत्काल गोदाम की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाना शुरु किया। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद दमकल पहुंची। दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग के कारण गोदाम के अंदर रखे करोड़ों रुपए के रबर पैड जलकर खाक हो गए। जानकारी मिलते ही पेण्ड्रा आरपीएफ की टीम और लोकल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद जांच शुरु कर दिया है।

# मुख्यमंत्री 263 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 28 फरवरी को अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान जिले में 263 करोड़ 16 लाख 81 हजार रुपए की लागत के 89 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। जिसमें 15 करोड़ 98 लाख 53 हजार रुपए की लागत के 7 कार्यों का लोकार्पण एवं 247 करोड़ 18 लाख 28 हजार रुपए की लागत के 82 कार्यों का शिलान्यास शामिल है।

वे बिल्हा विकासखण्ड के रहंगी खेल मैदान में दोपहर 12 बजे कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 24.28 लाख किसानों के खाते में 10324.84 करोड़ रूपए आदान सहायता राशि का अंतरण करेंगे एवं वृहद किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। इनमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल हैं जिनके खाते में 494.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, छग राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष रजनीश सिंह आदि शामिल होंगे।

# तोखन की पहल पर रिंग रोड परियोजना को केंद्र से मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संसदीय क्षेत्र के शहरी नियोजित विकास और यातायात सुगमता की दिशा में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा के सांसद तोखन साहू के दूरदर्शी प्रस्ताव और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 32 किमी लंबी 'बिलासपुर रिंग रोड' परियोजना को अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मंत्री ने सांसद तोखन साहू को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि परियोजना की व्यापक उपयोगिता एवं बिलासपुर की भविष्य की प्रशासनिक एवं औद्योगिक आवश्यकताओं को देखते हुए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस मार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और व्यवहार्यता अध्ययन तैयार करने की अनुशंसा कर दी गई है। परियोजना में लगभग 32 कि.मी. लंबी यह रिंग रोड बोदरी (छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के समीप) से प्रारंभ होकर सेंदरी गांव एनएच - 130 तक निर्मित होगी। यह मार्ग उच्च न्यायालय और बिलासपुर हवाई अड्डे को कोरबा, कटघोरा और सीपत जैसे प्रमुख औद्योगिक नगरों से सीधा संपर्क प्रदान करेगा। इससे शहर के मध्य से गुजरने वाले एनएच-49 और एनएच - 130 के भारी वाहन को अब शहर के बाहर से ही सुगम 'बायपास' प्राप्त होगा। ⏭ शेष 3 पर



### एनएच-130- ए से नेहरू चौक उसलापुर पुल तक सड़क के लिए 4.25 करोड़ स्वीकृत

राज्य शासन ने बिलासपुर में एनएच-130- ए से नेहरू चौक उसलापुर पुल तक 3.20 किमी में सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ 25 लाख 21 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है।




कृषक उन्नति योजना अंतर्गत
आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं
वृहद् किसान सम्मेलन
में छत्तीसगढ़ के जन नायक, जननेता, माटी पुत्र, सरल, सहज एवं मिलनसार,
मोदी जी की गारंटी को पूर्ण करने हेतु संकल्पित, यशस्वी मुख्यमंत्री
आदरणीय श्री विष्णु देव साय जी
एवं समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनन्दन
-:कार्यक्रम :-
दिनांक : 28 फरवरी 2026
समय : अपरान्ह 12.00 बजे
स्थान : खेल मैदान, रहंगी, वि. खं. - बिल्हा,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में निःशुल्क फाइलेरिया दवा वितरण



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 27 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एल. के. गवेल ने किया। उनके नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण भाव से दवा वितरण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं दवा सेवन की सही प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य यूके श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं तथा सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। उनके प्रेरक नेतृत्व एवं सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। दवा वितरण का कार्य टिकरापारा गांधी चौक स्वास्थ्य विभाग की मितानिन समूह द्वारा किया गया। इस अवसर पर लगभग 112 लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया।

### अभा हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने कथावाचक युवराज से की भेंट



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने कथावाचक युवराज पांडे के निवास पर सौजन्य भेंट कर उनसे आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष उत्कर्ष सिंह गरेवाल के नेतृत्व में उनकी टीम जिला उपाध्यक्ष आर्यन शुक्ला एवं जिला सचिव सौरभ गरेवाल उपस्थित रहे। भेंट के दौरान पदाधिकारियों ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी साझा की। उनके जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### ईद पर्व आपसी तालमेल और भाईचारे के साथ मनाने का लिया गया निर्णय



**बिलासपुर।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होलिका दहन 4 मार्च को होली एवं आगामी ईद-उल-फितर पर्व को आपसी तालमेल एवं भाईचारे की भावना के साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में सभी धर्मों एवं सम्प्रदाय का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ सभी धर्मों के पर्वों और उत्सवों को मनाने की वैभवशाली परम्परा रही है। उन्होंने कहा कि यह परम्परा आगे भी जारी रखनी है। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि यह सामाजिक सौहार्द का पर्व है। सुरक्षा के सारे मापदण्डों का पालन किया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, हुड़दंगियों पर, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुकानों पर मुखौटे बेचना प्रतिबंधित होगा। किसी भी तरह की अनहोनी को टालने के लिए पुलिस सहित नगर पालिक निगम, नगर सेना एवं सिम्स एवं जिला अस्पताल, विद्युत मण्डल आदि विभागों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए। समिति के सदस्यों ने पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर अपनी-अपनी सहमति जताई। नगर पालिक निगम द्वारा होलिका दहन स्थलों को चिन्हांकित कर साफ-सफाई कराई जाएगी। नियमित रूप से दो तीन बार पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था भी निगम द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

### एवीएम सैनिक स्कूल की पूर्व छात्रा वंशिका का 15 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल, कोनी स्थित विद्यालय की पूर्व छात्रा वंशिका पांडेय का इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड केरल में 15 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन किया गया है। वंशिका की यह उपलब्धि आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल, कोनी के लिए हर्ष का विषय है कि सत्र 2022 की प्रतिभाशाली पूर्व छात्रा वंशिका पांडेय का चयन इंडियन रेयर अथर्स लिमिटेड केरल में प्रतिष्ठित पद पर 15 लाख रुपए के वार्षिक पैकेज के साथ हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी, विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कहा कि वंशिका की निरंतर लगन और सकारात्मक दृष्टिकोण ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। यह दूसरों के लिए प्रेरणादायी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तोखन की पहल...

इससे बिलासपुर के मुख्य बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में भारी वाहनों के दबाव से नागरिकों को स्थाई राहत मिलेगी। यह रिंग रोड सिरगिट्टी और लालखदान जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को एनएच - 130 ए रायपुर-धनबाद एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर से सीधे जोड़ेगी। इससे मालवाहन के समय और ईंधन की बचत होगी, जिससे स्थानीय व्यापार और रसद तंत्र सुदृढ़ होगा। इस रिंग रोड के निर्माण से ट्रांसपोर्ट नगर और लॉजिस्टिक पार्क का सुनियोजित विकास सुनिश्चित होगा, जो भविष्य में क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा।केन्द्रीय राज्यमंत्री सह बिलासपुर सांसद तोखन साहू के इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर केंद्र सरकार की त्वरित सहमति ने बिलासपुर के आधारभूत ढांचे के आधुनिकीकरण को नई गति प्रदान की है।

---

**अब विभाग का यू टर्न** — इससे पहले परीक्षाएं 27 फरवरी से लेने का आदेश जारी कर दिया गया था

# 9 वीं और 11 वीं की परीक्षा पर बढ़ा विवाद, 25 मार्च से ही होंगे पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा नौवीं और 11वीं की परीक्षा के नए टाइम टेबल को लेकर उठा विरोध बढ़ता ही जा रही है। हालांकि शिक्षा विभाग ने मामले में यू टार्न ले लिया है। अब पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। संशोधित आदेश के मुताबिक नौवीं और 11वीं की परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होकर छह अप्रैल तक चलेंगी। इससे पहले परीक्षाएं 27 फरवरी से लेने का आदेश जारी कर दिया गया था। इससे खास तौर पर छात्र परेशान थे क्योंकि न तो कोर्स पूरा हुआ था और ना ही रीविजन का समय मिला था।

दरअसल, वर्तमान में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से जारी हैं, जो 18 मार्च तक चलेंगी। बोर्ड



परीक्षाएं समाप्त होते ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होता है, जिसमें सरकारी स्कूलों के शिक्षक ही मूल्यांकनकर्ता की भूमिका निभाते हैं। इसी बीच जिला शिक्षा कार्यालय ने 27 फरवरी से 13 मार्च तक नौवीं और 11वीं की परीक्षाएं कराने का टाइम टेबल जारी कर दिया था।

### लोक शिक्षण संचालनालय का निर्देश

विवाद बढ़ने पर लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर पुराने टाइम टेबल के अनुसार परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए थे। डीपीआई के निर्देशानुसार कक्षा एक से सातवीं, नौवीं और 11वीं की परीक्षाएं 25 मार्च से 10 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। वहीं पांचवीं की केंद्रीकृत परीक्षा 16 मार्च और आठवीं की 17 मार्च से शुरू होगी। गौरतलब है कि जिले में 200 से अधिक हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में करीब 22 हजार विद्यार्थी कक्षा 9वीं और 11वीं में अध्ययनरत हैं। ऐसे में टाइम टेबल में बार-बार बदलाव से विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों में असमंजस की स्थिति बन गई थी। अब हालांकि संशोधित आदेश के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है और परीक्षाएं 25 मार्च से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न होंगी।

### तैयारी से ज्यादा प्राथमिकता कापियों के मूल्यांकन की

ध्यान रहे कि इससे पहले जारी टाइम टेबल के मुताबिक 27 फरवरी से परीक्षाएं शुरू होने का टाइम टेबल जारी कर दिया गया था। अचानक टाइम टेबल जारी होने से बच्चे परेशान हो गए थे क्योंकि शिक्षक दो-तीन महीने से एसआईआर में ही उलझें रहे, जिसकी वजह से कई स्कूलों में अब तक कोर्स पूरा नहीं हो पाया था। मामले में शिक्षा विभाग का कहना था कि यदि 9वीं-11वीं की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाओं के साथ संपन्न नहीं कराई गईं, तो बाद में शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं को चेक करने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इसका पालकों और शिक्षक संगठनों ने विरोध करते हुए कहा कि छात्रों की तैयारी से ज्यादा प्राथमिकता बोर्ड कॉपियों की जांच को दी गई है।

### तय कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी परीक्षा

अब पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। संशोधित आदेश के मुताबिक नौवीं और 11वीं की परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होकर छह अप्रैल तक चलेंगी।

**- विजय तांडे.**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

30 हजार स्कूलों के 30 लाख बच्चों की पढ़ाई होगी प्रभावित

# जनगणना में लगेगी प्राइमरी के 53 हजार शिक्षकों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 30 हजार से अधिक सरकारी प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 31 लाख से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई अगले शैक्षणिक सत्र में प्रभावित हो सकती है। इसकी वजह है करीब 53 हजार प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी राष्ट्रीय महत्व की जनगणना प्रक्रिया में लगाई जाएगी। ध्यान रहे कि जनगणना का पहला चरण मई से सितंबर 2026 तक और दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा।

जनगणना निदेशालय ने बोर्ड और उच्च कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षकों को ही फील्ड वर्क में लगाने का फैसला किया है। प्रशासन का तर्क है कि मई तक वार्षिक परीक्षाएं खत्म हो जाती हैं।



■ बोर्ड और उच्च कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए प्राथमिक शिक्षक ही करेंगे पूरा फील्ड वर्क

इसलिए मौजूदा सत्र पर असर नहीं पड़ेगा। हालांकि हकीकत यह है कि नए सत्र की शुरुआत में ही बड़ी संख्या में शिक्षक जनगणना कार्य में व्यस्त रहेंगे। इससे कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की बुनियादी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है।

### 10 हजार प्रर्यवेक्षक जनगणना के लिए ट्रेनिंग शुरू



ध्यान रहे कि 10 हजार प्रर्यवेक्षक जनगणना के लिए ट्रेनिंग शुरू हो रही है। पहले चरण में जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ के दो नेशनल ट्रेनर 60 मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग देंगे। 60 मास्टर ट्रेनर्स में से 13 जनगणना निदेशालय के अधिकारी होंगे जबकि 47 राज्य सरकार (एसटीएम, तहसीलदार) के होंगे। यह 60 मास्टर ट्रेनर 1100 फील्ड ट्रेनरों को ट्रेनिंग देंगे। ये सभी राज्य सरकार के आला अधिकारी होंगे। इसके साथ ही 100 फील्ड ट्रेनर 53000 प्रगणकों (प्राइमरी टीचर्स) और 10000 पर्यवेक्षकों (सरकारी कर्मचारी) को ट्रेनिंग देंगे। प्रगणक मुख्य रूप से प्राइमरी टीचर्स ही होंगे।

### वैकल्पिक व्यवस्था पर भी फिलहाल ध्यान नहीं

इधर शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि प्राथमिक स्तर पर निरंतर शिक्षक-छात्र संवाद जरूरी होता है। खासकर ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में, जहां पहले से संसाधनों की कमी है, वहां सीखने की गति धीमी पड़ सकती है। इसलिए सत्र शुरु होने के साथ ही प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों पर पालकों के साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी वैकल्पिक व्यवस्था पर ध्यान देना होगा। जिससे बच्चों की पढ़ाई खराब न हो। हालांकि इस बारे में फिलहाल किसी का ध्यान नहीं है।

### क्लस्टर मॉडल, डिजिटल कंटेंट के जरिए होगी पढ़ाई

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पालकों को बच्चों की पढ़ाई पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा। घर पर नियमित अभ्यास, होमवर्क की निगरानी और बुनियादी विषयों - हिंदी, अंग्रेजी और गणित की पुनरावृत्ति बच्चों की सीखने की निरंतरता बनाए रखनी होगी। जरूरत पड़ने पर सामुदायिक अध्ययन समूह या ट्यूशन का सहारा भी लिया जा सकता है। शिक्षा विभाग स्तर पर यह संभावना भी देखी जा रही है कि जहां शिक्षक संख्या बेहद कम है, वहां क्लस्टर मॉडल, अतिथि शिक्षक या डिजिटल कंटेंट के जरिए पढ़ाई जारी रखी जाए। कुछ जिलों में पहले से चल रहे 'रीडिंग कैंप' और 'लर्निंग एन्हांसमेंट' कार्यक्रमों को भी मजबूत किया जा सकता है।

### जहां एक या दो शिक्षक ही पदस्थ वहां अधिक होगी समस्या

सबसे अधिक समस्या उन स्कूलों में होगी जहां एक या दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। उनके जनगणना में जाने से मल्टीग्रेड क्लास की स्थिति बन सकती है। अतिथि शिक्षकों या अस्थायी व्यवस्था पर निर्भरता बढ़ सकती है। शुरुआती महीनों में पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव बढ़ेगा। इसका असर वार्षिक परिणामों पर भी दिख सकता है। उधर जनगणना विभाग का कहना है कि बोर्ड और बड़ी कक्षाओं के बच्चे प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि जनगणना शुरू होने के समय स्कूलों में परीक्षा खत्म हो चुकी होगी। इसलिए चालू सत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। अगला सत्र आंशिक प्रभावित होगा। कोशिश है कि बोर्ड और बड़े क्लास के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो। इसलिए प्राइमरी टीचर्स की ड्यूटी जनगणना में लगाने का निर्णय लिया गया है।

### प्रभावित नहीं होगी पढ़ाई

बोर्ड और बड़ी कक्षाओं के बच्चे प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि जनगणना शुरू होने के समय स्कूलों में परीक्षा खत्म हो चुकी होगी। इसलिए चालू सत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। अगला सत्र आंशिक प्रभावित होगा। कोशिश है कि बोर्ड और बड़े क्लास के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसलिए प्राइमरी टीचर्स की ड्यूटी जनगणना में लगाने का निर्णय लिया गया है।

**- विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

# कोल इंडिया मेडिकल कांफ्रेंस सीमेकॉन 2026 आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल द्वारा 28 फरवरी से 2 मार्च तक तीन दिवसीय सीमेकॉन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कोल इंडिया तथा उसकी सभी सहायक कंपनियों एवं देश के जाने-माने अस्पतालों से 250 से अधिक चिकित्सक भाग लेंगे।

बिलासपुर में आयोजित इस सम्मेलन की मे ज बा नी एसईसीएल कर रही है। इस वर्ष सम्मेलन की थीम हेल्दी माइन्स हेल्दी नेशन रखी गई है, जिसका उद्देश्य खनन क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों के लिए सुदृढ़ स्वास्थ्य तंत्र, व्यावसायिक स्वास्थ्य सुरक्षा तथा निवारक चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत बनाना है। सम्मेलन में देश के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं विषय-विशेषज्ञ विभिन्न समसामयिक विषयों पर व्याख्यान देंगे। इनमें व्यावसायिक रोग, औद्योगिक स्वास्थ्य, आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन, जीवनशैली संबंधी बीमारियां, मानसिक स्वास्थ्य तथा खनन क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार जैसे विषय शामिल रहेंगे। इसका प्रमुख आकर्षण विभिन्न सहायक कंपनियों के चिकित्सकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शोध-पत्र होंगे। इन शोध-पत्रों के माध्यम से खनन क्षेत्रों में किए जा रहे नवाचार, फील्ड स्टडी एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा किया जाएगा।




■ कान्फ्रेंस में सभी सहायक कंपनियों एवं 250 से अधिक चिकित्सक होंगे शामिल

यह सम्मेलन कोल इंडिया के चिकित्सा नेटवर्क के बीच ज्ञान-विनिमय, समन्वय और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में सामूहिक प्रयास को सुदृढ़ करेगा। एसईसीएल द्वारा आयोजित यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है और खनन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

---

एजुकेशन प्लस

# चौकसे कालेज के विद्यार्थियों का पर्यावरणीय अध्ययन भ्रमण



**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज के अंतर्गत चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए नंदनवन जंगल सफारी, नवा रायपुर में शैक्षणिक पर्यावरणीय भ्रमण का आयोजन किया गया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शेर, बाघ, भालू, हिरण तथा विभिन्न पक्षी प्रजातियों को नजदीक से देखा और उनके प्राकृतिक आवास, व्यवहार एवं संरक्षण उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सफारी के विशेषज्ञ मार्गदर्शकों ने विद्यार्थियों को वन्यजीवों की संरक्षण नीतियों, पर्यावरण संतुलन तथा मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के विषय में जानकारी दी। चौकसे महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही हम सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस भ्रमण में 150 से अधिक विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के अलग अलग विभाग के सहायक प्राध्यापक मौजूद थे। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में जागरूकता आती है।

---

# सीवीआरयू और आईसीएसएस के बीच एमओयू

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय और आईसीएसएस के मध्य शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अंतर्गत शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, सनातन परंपरा एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन, अकादमिक एवं शोध कार्यों में सहयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कर्मचारी-विद्यार्थी एवं प्रशिक्षु आदान-प्रदान, सेमिनार-वर्कशॉप आयोजन तथा बेस्ट प्रैक्टिस साझा करने जैसे विषय शामिल हैं।




इस अवसर पर आईसीएस भारत प्रमुख संदीप कवीश्वर, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, प्रोफेसर रामकृष्ण प्रधान एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. अनुपम तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संदीप कवीश्वर ने कहा कि यह एमओयू शिक्षा और संस्कृति के समन्वय का सशक्त माध्यम बनेगा। इस साझेदारी से विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं शोध आधारित अवसर प्राप्त होंगे। वहीं आईसीएसएस के सचिव अमर जीव लोचन ने कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय आईसीएसएस के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि यह समझौता अकादमिक गुणवत्ता और संस्थागत सहयोग को नई दिशा देगा। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर सीखने के अवसर मिलेंगे। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि यह एमओयू प्रशासनिक एवं शैक्षणिक समन्वय को मजबूत करेगा। डीआर सीवी रमन विश्वविद्यालय लोक कला संस्कृति साहित्य और भाषा को वैश्विक स्तर के मंच में स्थापित करने के लिए काम कर रहा है। यह पहल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करेगी। प्रो. रामकृष्ण प्रधान ने कहा कि इस एमओयू से दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान एवं संसाधनों का आदान-प्रदान बढ़ेगा। डॉ. अनुपम तिवारी ने कहा कि ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं परंपरागत ज्ञान के क्षेत्र में सहयोग नई संभावनाएं खोलेगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर पहले तो जमकर नारेबाजी की, वहीं ज्ञापन सौंपकर शासन की ओर अपना ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यकताओं की तीन सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, ग्रज्युटी एवं वेतन बढ़ोतरी शामिल है। कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि शासन द्वारा मांगों के संबंधी में किसी तरह का निर्णय नहीं लेने की स्थिति में वे 9 मार्च को रायपुर में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य रहेंगे। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में की गई मांग को पूरा करने का अनुरोध किया है।

---

# कॉलोनाइजर ने अफसरों से मिलीभगत कर सरकारी और सेवा की जमीन हड़प ली, मामला विस में गूंजा

**बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में उठाया मुद्दा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक ही कॉलोनाइजर द्वारा नगर निगम व नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अफसरों से मिलीभगत कर सरकारी और सेवा की जमीन हड़पने का सनसनीखेज मामला विधानसभा में गूंजा। विधायक सुशांत शुक्ला ने फर्जीवाड़ा करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जांच कमेटी बनाने का आश्वासन दिया है।



विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में सवाल उठाया कि बिलासपुर जिला अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 04 फरवरी 2026 तक किन-किन कालोनाईजर, कंपनी द्वारा कितनी आवासीय कालोनी, व्यावसायिक परिसर का निर्माण कहाँ-कहाँ किया गया? कालोनाईजर के नाम पता सहित निर्मित कालोनी के नाम एवं निर्माण क्षेत्रफल सहित जानकारी उपलब्ध कराएं।

क्या निर्मित कालोनियों, व्यावसायिक परिसरों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, रेरा से अनुमति प्राप्त नहीं करने अथवा निर्धारित मापदंड के अनुसार निर्माण नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुईं अथवा विभाग के संज्ञान में आईं ? यदि हां तो किन-किन के विरुद्ध क्या-क्या शिकायतें प्राप्त हुईं तथा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

### सरकंडा में भी जमीन खरीदी-बिक्री फर्जीवाड़ा उठा मामला

विधायक सुशांत शुक्ला में बिलासपुर सरकंडा के तीन खसरा नंबरों को उल्लेख करते हुए कहा कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अनुमति लिए बिना नगर निगम ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अनुज्ञा ले ली गई है। विधायक ने निगम द्वारा जारी अनुज्ञा को निरस्त कर जमीन की खरीदी- बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

### मंत्री ने जांच कमेटी बनाने का दिया आश्वासन

विधायक सुशांत शुक्ला के इस खुलासे के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, पूरा दस्तावेज आप उपलब्ध करा दें। जांच कमेटी बनाकर इस पूरे मामले की जांच करा लेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**LCIT GROUP OF INSTITUTIONS**
Affiliated to AICTE, CSVTU, DTE, PCI & BCI.
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur Web: www.lcit.edu.in
Invites Application for the following Post

| Institutions | Post |
|---|---|
| LCIT Engineering College | Professor, Associate Professor, Assistant Professor & Lab Technician in Civil Engineering, Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electrical Engi-neering, Electronic & Telecommunication Engineering & Management Studies, Physics, Chemistry, Maths, English, Administrative Staff, Student Section Incharge, IT Manager, HR & Student Counsellor. |
| LCIT School of Pharmacy | Principal, Professor, Associate Professor & Assistant Professor in Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology, Pharmacognosy, Pharmacy Practice, Lab Technician & Office Superintendent. |
| LCIT College of Pharmacy | Professor, Associate Professor & Assistant Professor in Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacol-ogy, Pharmacognosy, Lab Technician, Lab Assistant, Accountant, Office Superintendent, Office Assistant and Storekeeper, Librarian & Assistant Librarian. |

Qualification, Experience & Salary as per the concerned Affiliating Body
**Norms: Applications to be submitted on or before 15.03.2026 in soft copy at hroffice@lcit.edu.in. Contact: 8959163111**



# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

लाइफ Style



# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

हॉलीवुड मसाला




## वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।



## रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



## अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



## वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

टीवी मसाला



## कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।



## भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।



## जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।



### रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम** : मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर** : सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

27- FEB- BSP- P- 5 ZIN_Layout 1 2/27/2026 11:58 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## भारतीय थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, गरियाबंद द्वारा भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन भारतीय थल सेना के संबंध में अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू ज्वाईन इंडियन आर्मी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे



अविवाहित पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी, जिनका जन्म तिथि 1 जुलाई 2005 से 1 जुलाई 2009 के मध्य है, वे अग्निवीर के विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जैसे अग्निवीर जनरल ड्यूटी पुरुष एवं महिला, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सिपाही के पद के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिनकी जन्म तिथि 1 जुलाई 2002 से 1 जनवरी 2008 के मध्य होनी चाहिए। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम जुलाई अथवा अगस्त 2026 में आयोजित होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

# रंगों की फागुन एकादशी पर निकली निशान यात्रा

रंगों का फागुन उत्सव भव्य रूप से शहर के खादु श्याम मंदिरों में मनाया जा रहा है, घोघा बाबा मंदिर में शुक्रवार को निशान यात्रा निकाली गई, कोतवाली रोड स्थित खादू श्याम मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन चल रहा है। पहले दिन श्याम पाठ हुआ, दूसरे दिन एकादशी के अवसर पर तिलकनगर राम मंदिर से खादू श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकाली गई। दिल्ली से मंगाए गए फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें 5 प्रकार के गुलाब, मोरपंख माला, तुलसी, झारवेसरा, डेजी से श्रृंगार हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मसानगंज स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 26वां खाटू उत्सव मनाया जा रहा है, यहां 25 फरवरी से उत्सव चल रहा है। तीसरे दिन दिल्ली की भजन गायिका पूनम शर्मा, प्रवीण चौधरी द्वारा संगीतमय भजन संध्या में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने खुब आनंद लिया। शनिवार को सवामनी का प्रसाद चढाया जाएगा जिसके पश्चात यह तीन दिवसीय उत्सव समाप्त हो जाएगा। इसे सफल बनाने में रोशनी अग्रवाल, सावित्री जाजोदिया, शारदा सिंघल, प्रिया भंडारी, रीना अग्रवाल,राकेश प्रजापति, अनिल लच्छूका सहित बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए है।





### रंगभरी एकादशी में पूजन

फागुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी शुक्रवार को मनाई गई, इसे रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की गई। पंडित ने बताया कि रंगभरी एकादशी के दिन माता पार्वती का गौना पहली बार काशी में हुआ था। विवाह पूर्ण होने के बाद माता पार्वती का ससुराल आगमन हुआ। इस दिन भगवान शिव को गुलाल, बेलपत्र और धतूरा अर्पित किया जाता है। एकादशी के दिन महादेव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-शांति, आनंद-सौभाग्य की वृद्धि होती है।

### भजनों से समा बांधा

खाटू श्याम मंदिर में फागुन महोत्सव के दूसरे दिन भजन संध्या भी हुई, जिसमें भजन गायकों ने बाबा की एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। जिसमें भक्त जमकर थिरके, देर रात तक इस उत्सव में भक्त डूबे रहे।

## भजन संध्या में जमकर झूमे भक्त, तीन दिवसीय उत्सव का आज होगा समापन







कार्यक्रम

## एआई की चुनौती को अवसर में बदलें विद्यार्थी, बढ़े आगे



**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक उमेश नंदकुमार पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत आदित्येश्वर सिंहदेव,पुरनचंद पाधी, युवा कांग्रेस, राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य, प्रशासन समिति डीपी विप्र महाविद्यालय, डॉ अंजू शुक्ला, डॉ एमएस तंबोली उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उमेश नंदकुमार पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों का मुख्य कर्तव्य शिक्षा ग्रहण करना है जिसे पूरी लगन के साथ करना चाहिए। साथ ही उनके सामने आज एक नई परिस्थितियाँ आ गई है जो एआई को लेकर है। इस पर चिंतित होने की बात नहीं बल्कि इसे अवसर के रूप में लें और आगे बढ़े। आदित्येश्वर सिंहदेव ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्र-छात्राओं के टैलेंट को आगे बढ़ाने में सहायक होती है कारण कि नए पीढ़ी ही हमारे समाज एवं देश को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने में योगदान होता है। छात्रों को अपने गुरूओं और माता-पिता का आशीर्वाद लेते हुए समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महात्मागांधी, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर काम करना चाहिए।

आयोजन

## छात्राओं ने विभिन्न प्रतिभाओं एवं नवाचार का किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी में तकनीकी एवं सांस्कृतिक त्यौहार कौशलम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं के तकनीकी दक्षता को बढ़ाना, अपने सैद्धांतिक ज्ञान का इस्तेमाल कर उसे प्रयोग में लाना तथा नवाचार के प्रति बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी, सांस्कृतिक एवं फन गतिविधियों का



आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न क्रियाकलापों जैसे हैकाथॉन, कोडिंग प्रतियोगिता, रोबो रेस, प्रोजेक्ट प्रदर्शन, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट तथा प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ फ्लैश मॉब, गायन प्रतियोगिता, रील मेकिंग, फोटोग्राफी, रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने अपने विभिन्न प्रतिभाओं एवं नवाचार का प्रदर्शन किया किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न फन गतिविधियाँ जैसे म्यूजिकल चेयर, टग ऑफ़ वार, फ़ूड विदाऊट फायर इत्यादि का आयोजन भी किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने पुरे जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ एस के सिंघई की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में डॉ जी के अग्रवाल, डॉ सीमा चौहान, डॉ के के सक्सेना, डॉ अवनीश उपाध्याय के समन्वयन में, प्रो उमाशंकर देवांगन, प्रो दीपिका बैरागी, प्रो राहुल गुप्ता के सक्रीय भागीदारी से आयोजित की गई।

# जंगल की बेटी के संघर्ष को शब्दों में मिली पहचान



**बिलासपुर।** रचनाकार डॉ अलका यतींद्र यादव की बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'वनसुता' का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी, राष्ट्रीय कंवर समाज की अध्यक्ष एवं समाजसेवी कौशल्या विष्णुदेवसाय उपस्थित रहीं, जिन्होंने पुस्तक का विधिवत विमोचन किया।

समारोह में साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि कौशल्या विष्णुदेवसाय ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज की संवेदनाओं का दर्पण होता है और 'वनसुता' जैसी कृतियां उन जीवन कथाओं को सामने लाती हैं, जो अक्सर समाज की मुख्यधारा से दूर रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक संघर्ष, आत्मविश्वास और उम्मीद की सशक्त कहानी है, जो पाठकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने के साथ प्रेरित भी करती है। डॉ अलका यतींद्र यादव की यह पुस्तक कोरवा जनजाति की एक बेटी के जीवन संघर्ष, सामाजिक विषमताओं और विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने के साहस की मार्मिक कथा पर आधारित है। पुस्तक में जनजातीय समाज की संस्कृति, संवेदनाएं और जीवन की वास्तविकताओं को अत्यंत संवेदनशीलता और सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया है। लेखिका डॉ अलका यतींद्र यादव ने अपने उद्बोधन में बताया कि 'वनसुता' केवल एक कहानी नहीं, बल्कि उन अनसुनी आवाज़ों को शब्द देने का प्रयास है, जो समाज के दूरस्थ अंचलों में संघर्ष करते हुए भी उम्मीद का दीप जलाए रखती हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वीरेन्द्र साय संजय यादव (पार्षद), यतींद्र यादव, मांडवी नामदेव, रवि निर्मलकर, अभिषेक पुष्पा बालबीर सिंह, रोहिनी कौशिक तथा श्रेया यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ डॉ. अलका यतींद्र यादव की पुस्तक 'वनसुता' का विमोचन

## आनंद निकेतन आश्रम में होली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



होली का त्योहार सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि खुशियों को बांटने का भी अवसर है। इसी संदेश को साकार करते हुए फ्रेंड्स ऑफ शान कम्युनिटी ने "आनंद निकेतन आश्रम" में होली उत्सव का आयोजन किया। संस्था द्वारा 50 से अधिक बच्चों को होली किट वितरित की गई। किट में पिचकारी, गुलाल रंग, इमरती, टोपी, समोसा, लड्डू और जूस सहित कई सामग्री शामिल थी। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली मनाई और उनके चेहरों पर मुस्कान साफ झलक रही थी। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शशि सिंह सिसोदिया, सचिव पुष्पा मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति पटेल, पीआरओ वर्षा तिवारी, एडवाइज़र संध्या सिंह चौहान, आरती द्विवेदी, प्रीत साहू सहित आश्रम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के जीवन में रंग और खुशियां भरना है, ताकि वे भी हर त्योहार को पूरे आनंद के साथ मना सकें।

## भाषा एवं संस्कृति का सम्मान करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जेपी वर्मा कॉलेज में एकदिवसीय कार्यशाला

शासकीय जमुना वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका मुख्य विषय रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की स्वीकार्यता एवं हिंदी के माध्यम से वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में रोजगार की सम्भावनाएं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के तौर पर सोफिया यूनिवर्सिटी बुलगारिया के इंडियन स्टडीज विभाग की प्राध्यापक डॉ मोना कौशिक उपस्थित रहीं, जिन्होंने भारतीय भाषाओं एवं भारत के प्रति वैश्विक स्तर पर बढ़ती अभिरूचि पर चर्चा की तथा विदेशों में उपलब्ध अवसरों के विषय में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ कौशिक ने बताया की हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा से अपार स्नेह वा प्रेम होता है, किन्तु आज के इस वैश्विकरण के दौर में हमें अपनी भाषा एवं संस्कृति के ऊपर गर्व तो होना ही चाहिए परन्तु साथ ही साथ विश्व की हर एक भाषा एवं संस्कृति का सम्मान करना चाहिए।

स्पोर्टर्स न्यूज

# कान्यकुब्ज प्रीमियर लीग में बिलासपुर की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर के द्वारा प्रदेश स्तरीय केकेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सुभाष स्टेडियम किया गया। जिसमें नॉकआउट खेल में शहरों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ के कई जिलों से टीमों ने भाग लिया, विभिन्न मैचों को खेलने के पश्चात बिलासपुर एवं लवन बलोदा बाजार की टीम फाइनल में प्रवेश किया। जिसका फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें बलोदा बाजार नें पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 119 रनों का लक्ष्य दिया जिसे बिलासपुर की टीम ने 5 विकेट खोकर 9 वे ओवर में शानदार




जीत हासिल की। बिलासपुर के कप्तान मुक्कु तिवारी एवं टीम को रायपुर युवा मंडल एवं आशीर्वाद सभा मंडल के पदाधिकारियो नें 21 हजार नगद एवं ट्राफी प्रदान की। मंच पर मुख्य अतिथि अंजय शुक्ला एवं रायपुर समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, संरक्षक वीरेंद्र पाण्डेय, सचिव राजेश दीक्षित के अलावा समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, टीम के कोच एवं सचिव राजेश शुक्ला टीम मैनेजर एवं पार्षद अमित तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही बिलासपुर की टीम का मनोबल बढ़ाने हेतु बिलासपुर समाज के पदाधिकारियों में प्रभात मिश्रा, शिवा मिश्रा,अखिलेश शुक्ला, गोपाल मिश्रा, सुदेश दुबे साथी, मनीष मिश्रा, संकल्प तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### ये थे खिलाड़ी

नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति बिलासपुर की टीम में आशीष तिवारी मुक्कु, अमित मिश्र, अभि बाजपेयी, स्वर्णिम तिवारी गुल्लू, प्रमोद शुक्ला, विपिन मिश्रा, हनी बाजपेयी, श्रेयांश शुक्ला, आशुतोष तिवारी, अनमोल शुक्ला, अमन शुक्ला, संकल्प तिवारी, मीत तिवारी, अक्षय शुक्ला, अर्णव बाजपेयी, अभिजीत शुक्ला, अभिप्रीत बाजपेयी टीम में शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### डीएवी गोढ़ी में बच्चों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में फाइलेरिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत दगोरी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एलबेंडाजोल और फाइलेरिया की दवाई कक्षा आठवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं के सभी छात्र-छात्राओं को खिलाई गई। मुख्य डॉक्टर ने कहा कि, एलबेंडाजोल पेट के कीड़ों को खत्म करने में सहायक है, जबकि फाइलेरिया की दवाएं हाथीपांव जैसी गंभीर बीमारी से बचाव करती हैं। फाइलेरिया मच्छरों के माध्यम से फैलता है, और लंबे समय तक इलाज न होने पर स्थाई विकलांगता का कारण बन सकता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत यह सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। इन दवाओं का सेवन पूरी तरह सुरक्षित है और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में दिया जाता है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एन पांडेय ने सभी स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया।

### नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने वृद्ध आश्रम में मनाई होली




**बिल्हा।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन बिलासपुर के अध्यक्ष अरविंद साहू के जन्मदिन के अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आगामी होली उपलक्ष्य में सुवानी वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों के साथ विशेष होली मिलन एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के जीवन में खुशियां भरनी और उन्हें अपनों के होने का अहसास कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के सदस्यों ने वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को फूलों से होली खेलकर की, जिसमें बुजुर्गों के चेहरों पर अद्भुत उत्साह और मुस्कान दिखी। इस अवसर पर बुजुर्गों को सम्मान स्वरूप नए वस्त्र,और अन्य आवश्यक उपहार भी वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे खिले उठे। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने मिलकर होली के गीतों पर नृत्य किया और फूलों की होली का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद साहू के जन्मदिन का केक काटकर मिष्ठान और स्वल्पाहार का वितरण किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा प्रदेशाध्यक्ष अजय कश्यप, जिला अध्यक्ष अरविंद साहू, महिला जिला अध्यक्ष ममता सोनी, महासचिव सुरेश चौहान, उपाध्यक्ष जितेंद्र ताम्रकार, कविता चौहान, सहसचिव डॉ ज्योतिष, सविता यादव, लोकेश्वरी राठौर, चंचल कुशवाहा, सुशील कंवर, रुबी कंवर, राजू गढ़वाल, घुर सिंह, डॉ मुकुंद, सौरभ कैवर्त का योगदान रहा।

### जिला भाजयुमो के जिला कार्य समिति के सदस्यों की घोषणा

**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन व भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के निर्देशानुसार मुंगेली जिला भाजयुमो के पदाधिकारियों एवं कार्य समिति सदस्यों की घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार जिला अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, अभिषेक पाठक, राजेश्वर टंडन, नारायण वर्मा, राजीव सिंह, उत्तम साहू , राजेन्द्र साहू, महामंत्री घनेन्द्र राजपूत, आदर्श जायसवाल, मंत्री दीपक सोनकर, उदित साहू, युगल राजपूत, परिमल साहू, नारायण जायसवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद सोनी, सहकोषाध्यक्ष, मुकेश मोदी, पंकज सिंह ठाकुर, कार्यालय मंत्री धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, सह मंत्री गजेन्द्र साहू, केशव गोयल एवं मीडिया प्रभारी घनश्याम यादव व सह प्रभारी के पद पर अक्षय लहरे की नियुक्ति की गई है।

### बिल्हा में फागुन एकादशी महोत्सव का आयोजन

**बिल्हा।** श्याम मित्र मंडल बिल्हा की ओर से शुक्रवार को फागुन एकादशी महोत्सव का आयोजन स्थानीय राम श्याम मंदिर में बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा कुटिया मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए राम श्याम मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान सभी श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम का निशान हाथों में लेकर श्याम दरबार में समर्पित किया। श्याम प्रेमियों का स्वागत एवं अभिनंदन श्याम प्रेमी तारा बिंदल, दुर्गेश साहू, नितिन बिंदल, गोपू चकलानी, गौकरण ने जलपान, नाश्ता एवं रंग गुलाल से किया। इस दौरान डीजे की धुन पर श्याम भजन का रसपान करते हुए सभी श्याम प्रेमी झूमते हुए आनंदित हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाओं ने हिस्सा लिया। श्याम बाबा का भजन एवं जगराता कार्यक्रम शनिवार 28 फरवरी को रानी सती मंदिर में शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। जन गायिका गर्ग सिस्टर, साहिल सांवरा, सुमित शर्मा की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## निधन

### कुरेशा बेगम



**लोरमी।** नगर की कुरेशा बेगम की 74 वर्ष की आयु में 27 जनवरी को इंतकाल हो गया।जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय कब्रस्तान में किया गया। वे सलीम खान एवं पत्रकार साजिद खान की माता थीं।

## 16 सागौन लट्ठे, आरा मशीन व पिकअप बरामद

# जेवरा जंगल में सागौन तस्करी, 5 गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा जेवरा के जंगल में सागौन लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16 नग सागौन के लट्ठे, एक डीजल आरा मशीन तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया है।

जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 2 लाख 21 हजार 827 रुपये आंकी गई है। सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी गुरुवार की रात पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि, कुछ व्यक्ति जेवरा के जंगल से सागौन पेड़ों की कटाई कर लकड़ी को पिकअप वाहन में भरकर जांजगीर की ओर ले जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी राजेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने पिकअप क्रमांक सीजी-11 एबी-0612 को रोककर जांच की, जिसमें पन्नी से ढंके 16 नग सागौन लकड़ी के लट्ठे बरामद हुए एवं मौके पर मौजूद पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से 16 नग सागौन लकड़ी के लट्ठे कीमत 65 हजार 827 रुपए, डीजल आरा मशीन मय ब्लेड कीमत 6 हजार रुपए, पिकअप कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध वन संपदा की चोरी एवं संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



### कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि, जंगल हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं। अवैध कटाई और तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सीपत क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। सीपत पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में जंगल माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश गया है तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

### गिरफ्तार आरोपी

रामचंद कुर्रे 41 वर्ष पिता मदनलाल कुर्रे, निवासी बिरगहनी, थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा, संतोष कुमार 50 वर्ष पिता घासीराम निवासी बिरगहनी, थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा, जय सिंह ओगरे 62 वर्ष पिता धनाराम ओगरे, निवासी ठरगा बहरा, थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा, लिल्लूराम पटेल 56 वर्ष पिता कुंजराम पटेल, निवासी महुदा, थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा, रघुवीर सिंह मरावी 40 वर्ष पिता सुमेर सिंह मरावी निवासी महुदा थाना बलौदा, जिला जांजगीर चांपा को गिरफ्तार कर लिया है।

# रहंगी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण



**बिलासपुर।** बिल्हा के ग्राम रहंगी में शनिवार 28 फरवरी को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम से पूर्व जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विधायक धरम लाल कौशिक के साथ देर रात कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, किसानों के पंजीयन काउंटर तथा मीडिया व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्यक्रम सुचारु रूप से संचालित हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम भी उपस्थित रही। कलेक्टर ने कहा कि यह किसानों से जुड़ा बड़ा कार्यक्रम है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाएं। विधायक श्री कौशिक ने भी कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप तैयारी सुनिश्चित होने पर संतुष्टि जाहिर किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरण करेंगे। यह राशि प्रदेशभर के किसानों के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से ही प्रतीकात्मक रूप से हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे तथा कुछ किसानों से संवाद कर योजना के प्रभाव की जानकारी भी लेंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए हैं।

# किसानों के खाते में अंतरित होगी धान की अंतर राशि

**मुंगेली।** जिले में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के किसानों से जुड़ेंगे और 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण किसानों के बैंक खातों में करेंगे।

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों से जुड़ेंगे सीएम
- जिले के 1 लाख 5 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ

जिले में इस योजना के तहत 1 लाख 5 हजार से अधिक किसानों के खातों में कुल 387 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। मुंगेली में कृषि उपज मंडी परिसर, लोरमी में मानस मंच एवं पथरिया में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी में आयोजित किया जाएगा। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को होली से पूर्व बड़ी राहत मिलने जा रही है। 28 फरवरी को बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के किसानों से जुड़ेंगे और 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण किसानों के बैंक खातों में करेंगे। सभी विकासखंड मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री चयनित लाभार्थी किसानों से संवाद भी करेंगे। सीसीबी नोडल अधिकारी संतोष ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोरमी विकासखंड में 40 हजार 609 किसानों को 133.11 करोड़ रुपए, मुंगेली विकासखंड में 37 हजार 338 किसानों को 142.92 करोड़ रुपये तथा पथरिया विकासखंड में 27 हजार 765 किसानों को 111.53 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगी और आगामी खेती कार्यों में सहूलियत होगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को विकासखंड स्तरीय आयोजनों में छाया, पेयजल, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसान कार्यक्रम से जुड़ सकें। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।



# लायंस क्लब उत्कर्ष की आधिकारिक यात्रा संपन्न

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर उत्कर्ष में शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ हुआ, जो रात्रि 8:00 बजे हाई-टी के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रेखा अग्रवाल तथा जोन चेयरपर्सन लायन इंदिरा त्रिपाठी के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर क्लब द्वारा सेवा गतिविधियों का आयोजन बिलासपुर शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर पौसरा ग्राम के धुरीपारा में किया गया। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत सड़क किनारे सब्जी विक्रय करने वाली महिलाओं को लायंस छतरी, दवाइयां एवं वस्त्र प्रदान किए गए। आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी हेतु डस्टबिन एवं दो स्टूल भेंट किए गए। साथ ही तीन जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री एवं प्रोटीन किट प्रदान की गई। लाभार्थियों ने कृतज्ञता स्वरूप गवर्नर महोदय को सब्जियों से भरी टोकरी भेंट की।

तत्पश्चात एक निजी होटल में संयुक्त आधिकारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लब अध्यक्ष लायन डॉ शकुन्तला जितपुरे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि, क्लब "वी सर्व" ध्येय वाक्य के साथ सभी थीम्स पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल ने क्लब की गतिविधियों की सराहना करते हुए नीड-बेस्ड एक्टिविटीज को और सशक्त करने का आह्वान किया। प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपुदमन पुसरी एवं विशिष्ट अतिथि पीडीजी लायन दिलीप भंडारी ने क्लब की ओर से वृद्धजन सेवा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। रीजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल ने अपने लक्ष्य पूर्ण करने की बात कही। जोन चेयरपर्सन लायन इंदिरा त्रिपाठी ने क्लब को जोन का सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाला क्लब बताया। इस अवसर पर माइक्रो चेयरपर्सन लायन डॉ रश्मि जितपुरे द्वारा वृद्धजन सेवा के परिपत्र एवं क्लब के वार्षिक गतिविधि कैलेंडर का विमोचन गवर्नर ने किया। साथ ही तीन निक्षय रोगियों को प्रोटीन किट प्रदान की गई।क्लब सचिव डॉ आरती पांडे ने वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की तथा कोषाध्यक्ष डॉ रश्मि जितपुरे ने वित्तीय विवरण एवं ड्यूज की जानकारी दी। सभी सम्माननीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आदरणीय सुधा मरदा ने प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का संचालन लायन ट्विंकल आडवानी ने किया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्य लायन वीना अग्रवाल,रश्मि चौहान, डॉ श्रुति अग्रवाल,रेखा अग्रवाल,अर्चना तिवारी,भारती तिवारी,प्रीति चौरसिया उपस्थित रही।

ग्राम धुरीपारा में महिला व जरूरतमंदों को भेंट की गई आवश्यक सामग्रियां






# डीईओ ने किया परीक्षा केन्द्रों सहित अन्य स्कूलों का निरीक्षण



**मरवाही।** जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने शुक्रवार को बारहवीं की परीक्षा के दौरान जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ जिले के मरवाही विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले स्वामी आत्मानंद स्कूल मरवाही स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया, जहां पर परीक्षा व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही थी। इसके बाद उन्होंने पीएमश्री स्कूल मरवाही का औचक निरीक्षण किया, जहां पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कई अनुपस्थित शिक्षकों को अवैतनिक करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब होने पर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी ने कन्या विद्यालय मरवाही स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया, जहां पर भी निरीक्षण के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। इसके बाद उन्होंने हाई स्कूल बरौर का निरीक्षण किया, जहां पर परीक्षा का संचालन ठीक से होना पाया गया। इसके बाद उन्होंने हाई स्कूल के ठीक सामने स्थित मिडिल स्कूल बरौर का निरीक्षण किया, जहां पर बच्चों की स्थिति बहुत ही खराब पाई गई। यहां के कक्षा आठवीं के बच्चों को हिंदी भाषा पढ़ना नहीं आया और न ही गिनती व पहाड़ा बता पाए। कुल मिलाकर बच्चों की पढ़ाई की स्थिति काफी खराब रही है, जिसके कारण दोनों पदस्थ हेड मास्टर और शिक्षक को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने रामशरण

**लोरमी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयर मेन डॉक्टर उदित राज एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पर रामशरण खांडेकर को असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस लोरमी का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। अपनी नियुक्ति पर रामशरण खांडेकर ने कहा कि, राष्ट्रीय नेतृत्व ने यह जिम्मेदारी मुझे दी है मैं संगठन विस्तार एवं श्रमिक हितों की रक्षा करूंगा।

### पियूष को मिली भाजयुमो जिला मंत्री की जिम्मेदारी

लोरमी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के निर्देशानुसार भाजयुमो जिला मुंगेली के पदाधिकारियों एवं कार्य समिति सदस्यों की घोषणा की गई है।इसमें लोरमी से छात्र नेता पियूष साहू को मुंगेली जिले के जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया।

### छात्रा की पढ़ाई के लिए डड़सेना समाज ने किया 33 हजार का आर्थिक सहयोग

**लोरमी।** सड़क दुर्घटना में पिता की मृत्यु के बावजूद छात्रा स्कूल में परीक्षा दिलाने पहुंची। शिक्षा के प्रति लगन को देखकर आगे डडसेना समाज ने बच्ची की पढ़ाई के लिए हाथ बढ़ाया एवं छात्रा की आगे की पढ़ाई के लिए 33 हजार नकद का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। ज्ञात हो कि, छात्रा कविता जायसवाल कक्षा 12वीं की छात्रा है, जिसके पिता सूरज जायसवाल की मृत्यु सड़क दुर्घटना में एक दिन पहले हुई। पिता का शव घर पर था एवं अंतिम संस्कार की तौयारी की जा रही थी। इस भीषण दुख की घड़ी में भी छात्रा परीक्षा दिलाने आत्मानंद स्कूल परीक्षा केंद्र पहुंची। इस खबर के फैलते ही, समाज के लोग भी सामने आए और बच्ची की आगामी शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

**न्यायालय श्रीमान नवम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग)**

प्रोसेस क्रमांक. 33
पेशी दिनांक 23.03.2026
प्र.क्र. 55/2023

कैप्टन रूद्रसेन सिंधु ..........अपीलार्थी

**विरूद्ध**

श्रीमती कांति बाई वगैरह....उत्तरवादीगण बनाम शिवकुमार वर्मा पिता रामफल वर्मा निवासी संतोषी मंदिर के पास कतियापारा, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पक्षकार, उपरोक्त वादी ने प्रथम व्यवहार अपील अंतर्गत आदेश 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता का इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसकी आगामी सुनवाई पेशी दिनांक 23.03.2026 को सुबह 11:00 बजे नियत है। आप-पक्षकार उत्तरवादी क्रमांक 02, शिवकुमार वर्मा पिता रामफल वर्मा निवासी संतोषी मंदिर के पास कतियापारा, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को इस आम समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 23.03.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे इस प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर उक्त प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

नोट:- पेशी दिनांक 23.03.2026 को अवकाश होने पर प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा सहित जारी किया गया।
दिनांक 18.02.2026
स्थान बिलासपुर (छ.ग.)

**आदेशानुसार**
**अगम कुमार कश्यप**
**नवम जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# पोर्ते कॉलेज में होली महोत्सव का आयोजन

**पेन्ड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा नगर इकाई ने 26 फरवरी गुरुवार को डॉ भवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय परिसर में होली महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया और रंगों के इस उत्सव का आनंद उठाया।

यह होली महोत्सव महाविद्यालय के लिए विशेष उत्साह का विषय रहा। परिषद के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाना रहा। उल्लेखनीय है कि, महाविद्यालय परिसर में एबीवीपी द्वारा यह होली महोत्सव दूसरी बार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिस्टर छत्तीसगढ़ सत्यम पांडे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के चर्चित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धनराज मोबाइल, महासय रितिक और एनजी ब्लॉगर्स की भी उपस्थिति रही। एबीवीपी पेन्ड्रा नगर मंत्री श्रेयांश पांडे ने कहा कि, डॉ भवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय के इतिहास में दूसरी बार इतने बड़े स्तर पर होली कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह आयोजन विशेष रूप से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए किया गया था, जो परिषद के कार्यकर्ताओं की मेहनत से सफल हो सका। सह नगर मंत्री आदित्य चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके जीवन में रंगों की खुशहाली और उत्साह की कामना की। कार्यक्रम में विभव नामदेव, वैभव यादव, श्रद्धा दुबे, शुभम कौशिक, सुहानी बर्मन, अंचल राठौर, साधना राठौर, आयुष चंद्रा, श्याम, अंजली, तरुण, मालिकराम, आयुष सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तयब्बा मेमन पिता मोहम्मद जावेद मेमन जाति मुसलमान निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्लू.एस.) के लिये आय एवं संपति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 09/03/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 26/02/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तखतपुर**

**न्यायालय मुख्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

श्रीमती रेवती वर्मा वगै.
**विरुद्ध** श्री सोमदेव केंवट वगै.
प्र.क्र.एम.ए.सी.टी.-1855/2024,
पेशीदिनांक -27/03/2026
प्रोसेस क्र. 870

प्रति-श्री सोमदेव केंवट पिता श्री रामधन केंवट उम्र 35 वर्ष निवासी-ग्राम गोड़ाडीह, पानी टंकी के पास, थाना पचपेड़ी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) मोटर सायकल क्र.-CG-22-W-2079

इस न्यायालय में आवेदिकागण ने अनावेदक के विरूद्ध एम.ए.सी.टी. प्र.क्र. 1855/2024 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें अनावेदक की उपस्थिति हेतु दिनांक 27/03/2026 को नियत है। आप उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 27/03/2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सत्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक 27/03/2026 कोई आपत्ति/ जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश उपरोक्त दिनांक 27/03/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अतः आज दिनांक 19.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक- 19-02-2026

**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु आबकारी विभाग की ओर से कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने ग्राम कोदवामहंत में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया क, आरोपी सुरेश जायसवाल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि, जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है एवं तथा भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में आबकारी वृत प्रभारी अमित शाह एवं अन्य अधिकारी शामिल रहे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


हार्दिक स्वागत...
हार्दिक अभिनंदन...
कृषक उन्नति योजना अंतर्गत
आदान सहायता राशि वितरण समारोह
एवं वृहद् किसान सम्मेलन
में पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन...
कार्यक्रम
दिनांक 28 फरवरी 2026
समय : दोपहर 12.00 बजे से
स्थान : खेल मैदान रहंगी, बिल्हा
मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. धरमलाल कौशिक जी
विधायक बिल्हा
रामनाथ यादव
अध्यक्ष, बरतोरी
अनिल कौशिक
अध्यक्ष, मोहतरा
राजकुमार बरगाह
अध्यक्ष, गुमा
नरोत्तम यादव
अध्यक्ष, पासीद
कामता कौशिक
अध्यक्ष, दगौरी
शिव साहू
अध्यक्ष, बिल्हा
गणेश निर्मलकर
अध्यक्ष, बिटकुली
चिन्ताराम साहू
अध्यक्ष, मुरकुटा
लक्ष्मण कौशिक
शाखा प्रबंधक
जिला कॉपरेटिव बैंक बिल्हा
हितेश सलूजा
सुपरवाईजर
बिल्हा
मुनीराम साहू
संस्था प्रबंधक
बरतोरी
देवेन्द्र यादव
संस्था प्रबंधक
मोहतरा
शरद कश्यप
संस्था प्रबंधक
गुमा
प्रदीप यादव
संस्था प्रबंधक
पासीद
कृष्ण कुमार धुरी
संस्था प्रबंधक
बिल्हा
ललीत कुमार
संस्था प्रबंधक
बिटकुली
उत्तरा निर्मलकर
अध्यक्ष, हिर्री सोसायटी
विनय कुर्रे
संस्था प्रबंधक
मुरकुटा
रामाधार राजपूत
संस्था प्रबंधक
हिर्री
शकील अहमद
अध्यक्ष
पौसरी
धर्मेंद्र तिवारी
संस्था प्रबंधक
पौसरी
त्रिलोचन कौशिक
संस्था प्रबंधक, दगौरी
संकलनकर्ता- कमलकिशोर गर्ग, हरिभूमि प्रतिनिधि, बिल्हा मो. 7974454036

## खबर संक्षेप

### रायगढ़-बिलासपुर के बीच चार मेमू रद्द 1 तक



**बिलासपुर।** मंडल के रोबर्टसन से खरसिया सेक्शन के बीच फाटक में गर्डर डि लांचिंग एवं सक्ती से बाराद्वार सेक्शन के बीच गर्डर लांचिंग, रायगढ़-किरोड़ीमल नगर सेक्शन के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य ब्लाक लेकर किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली ट्रेनों का परिचालन 1 मार्च तक प्रभावित रहेगा। इन प्रभावित ट्रेनों में 1 मार्च तक रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 1 मार्च को 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 28 फरवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। वहीं 1 मार्च तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के साथ बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच और झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर से शुरु कर झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

### 20 लीटर देशी शराब के साथ एक पकड़ा गया

**बिलासपुर।** पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर अवैध तरीके से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 110 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुरूवार को रतनपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि जाली गांव में एक व्यक्ति भारी मात्रा में बाइक पर घुमकर शराब बेच रहा है। पुलिस ने टीम तैयार कर मौके पर पहुंची। इस दौरान जाली मेनरोड में रेड की कार्रवाई की गई। सड़क पर रोककर हरनमुंडी थाना पाली निवासी संदीप कश्यप वर्ष 34 पिता सियाराम कश्यप पूछताछ की गई। इस दौरान उसके पास से 110 पाव देशी प्लेन शराब 20 लीटर देशी शराब मिली। आरोपी से इस बारे में पूछताछ की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब कोचियां है और लंबे समय से क्षेत्र में अवैध शराब बेचता है। पुलिस ने शराब और बाइक का जब्त कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

विवि ने मांग को लिया गंभीरता से | छात्र-छात्राओं ने दो दिनों तक किया यूनिवर्सिटी का घेराव

# हंगामे के बाद अटल यूनिवर्सिटी ने परीक्षा टाइम टेबल में किया परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी ने आखिरकार विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए वार्षिक परीक्षा 2025-26 के टाइम टेबल में परिवर्तन कर दिया है। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों की मुख्य परीक्षा व नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के एग्जाम की तिथियां एक थीं, जिसके चलते दो दिनों तक छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी का घेराव किया था।

अटल यूनिवर्सिटी का पिछले दो दिनों विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा घेराव किया गया। असल में यूनिवर्सिटी ने वार्षिक परीक्षा 2925-26 के लिए जो टाइम टेबल जारी किया था, उसके अनुसार कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि आपस में टकरा रही थी। जिस समय कालेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उसी समय नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कई राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं होने वाली हैं। इसलिए कालेज विद्यार्थियों के समक्ष यह समस्या खड़ी हो गई थी कि वे यूनिवर्सिटी आयोजित कालेज की परीक्षा में शामिल हो या फिर एनटीए आयोजित परीक्षा में बैठे। इसलिए छात्र संगठन परीक्षा टाइम टेबल में बदलाव की मांग को लेकर अड़े हुए थे और पूर्व टाइम टेबल का विरोध कर रहे थे।



### राष्ट्रीय स्तर के ये एग्जाम टकरा रहे थे

- जेईई मुख्य सत्र 1 - 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026
- जेईई मुख्य सत्र 2 - 2 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026
- सीयूईटी पीजी 2026 - 6 मार्च से 27 मार्च 2026
- सीयूईटी यूजी 2026 - मई माह में संभावित
- नीट यूजी 2026 - 3 मई से संभावित
- यूजीसी नेट 2026 - जून माह में संभावित

### कुलपति ने दिए निर्देश

छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक व व्यावहारिक समस्याओं पर यूनिवर्सिटी का ध्यान आकर्षित कराया गया और परीक्षा टाइम टेबल संशोधन करने की मांग उठाई। इसे गंभीरता से लेते हुए यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक असिस्टेंट रजिस्ट्रार रामेश्वर राठौर ने इस विषय की पूरी जानकारी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार और कुलपति को दी। इसके बाद कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने परीक्षा टाइम टेबल में तत्काल आवश्यक संशोधन किए जाने का निर्देश दिया।

### संशोधित टाइम टेबल वेबसाईट पर अपलोड

इसके बाद यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा संशोधित परीक्षा टाइम टेबल अपने वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे परीक्षा संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें तथा संशोधित टाईम टेबल अनुसार अपनी परीक्षा की तैयारी करें। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी छात्रहित से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करता रहेगा।

गेट के सामने से छात्रों को हटाने का प्रयास रहा असफल

# छात्रों के अनशन को लेकर सीयू में हंगामा




सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेन गेट के सामने अनशन करते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कांफ्रेंस के दौरान लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही थी इसलिए यूनिवर्सिटी के लोगों ने शुक्रवार सुबह आमरण अनशनरत दोनों छात्रों का हटाने का प्रयास किया, जिसे लेकर वहां काफी हंगामा हुआ। यूनिवर्सिटी गार्डस एवं पुलिस वालों ने समझाने का प्रयास किया, किन्तु पूरे दिन मेनगेट सामने अनशन पर डटे रहे।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंध हटाने एवं प्रवेश निरस्तीकरण वापस लेने की मांग को लेकर छात्र सार्थक मिश्रा और सुदीप शास्त्री गुरुवार दोपहर से यूनिवर्सिटी मेनगेट सामने आमरण अनशन पर बैठ गए थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से छात्रों का अनशन समाप्त करने कोशिश की गई। प्रशासन की ओर से छात्रों से शपथ पत्र में आगे से किसी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने संबंधी लिखकर देने की शर्त रखी गई थी। दूसरी तरफ छात्रों ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन से लिखित में मांगा गया कि उन्हें वापस लिया जाएगा।

इस पर दोनों पक्षों में बात नहीं बनी, किन्तु किसी तरह का आंदोलन आज नहीं करने सहमति बन गई थी। इसलिए दोनों छात्र सार्थक मिश्रा और सुदीप शास्त्री आज भी मेनगेट सामने आमरण अनशन पर बैठे रहे जिसके चलते वहां इंटरनेशनल कांफ्रेंस के दौरान वाहनों के आवाजाही में समस्या होने लगी। इसके चलते यूनिवर्सिटी के लोगों ने मेनगेट से उन्हें सुरक्षा गार्डस के साथ हटवाने का प्रयास किया, जिसके चलते सुबह के समय वहां पर काफी हंगाम हुआ। बाद में पुलिस वालों ने भी पहुंचकर छात्रों को समझाने की कोशिश की, किन्तु उन्होंने शांतिपूर्वक अनशन करने की बात कहकर अनशन पर डटे रहे।

### ये है छात्रों का कहना

आमरण अनशन करने वाले छात्रों का आरोप है कि पिछले चार महीनों से उन्हें केवल झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। हर बार कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया, लेकिन ठोस निर्णय लेने के बजाय केवल ऑब्जर्वेशन पीरियड बढ़ाया जाता रहा। बार-बार अवधि बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं हुआ, बल्कि मानसिक और शैक्षणिक दबाव और बढ़ गया है। कई बार ज्ञापन देने और मिलने का समय मांगने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है। छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और चार माह से लंबित मामले पर तत्काल ठोस निर्णय लिया जाए।

## इंटरनेशनल कांफ्रेंस से अतिथियों ने बनाई दूरी

- राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री कोई नहीं पहुंचे

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र के सहयोग से यूनिवर्सिटी में दो दिवयीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस का विषय परंपराओं पर पुनर्विचार है, जिसका उदघाटन शुक्रवार को हुआ। लेकिन इस कांफ्रेंस से अतिथियों ने दूरी बनाए रखी और राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री सहित बड़े नहीं आए। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इस दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव मुकुन्द्रा सीआर भी नहीं पहुंचे और वे आनलाइन कार्यक्रम में जुड़े। यूनिवर्सिटी की ओर से इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लिए प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण सॉव को आमंत्रित किया गया था, किन्तु इनमें से कोई भी नहीं आए। इसके अलावा भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान के इस कांफ्रेंस में आने की काफी हल्ला थी, किन्तु वे भी नहीं आए। यहां तक केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था पर वे भी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम शामिल नहीं हुए। इस तरह मंत्री आदि बड़े अतिथियों के यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम से दूरी बनाए रखने को लेकर आज यूनिवर्सिटी में चर्चा का विषय बना रहा।

### नहीं पहुंचे ज्यादा विदेशी अतिथि

भारत के अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र के सहयोग से गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के लिए लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। कांफ्रेंस में बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए फ्लाईट्स से आने-जाने की व्यवस्था के साथ यूनिवर्सिटी तक लाने और ले जाने के लिए 75 इनोवा वाहन किराए पर लिए गए हैं और अतिथियों के लाने के लिए यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इंटरनेशनल विदेशों से आने वाले अतिथियों के लिए कोर्टयार्ड मैरिएट जैसे बड़े होटलों में व्यवस्था रखी गई है। लेकिन होटल में बुक कराए गए अधिकांश कमरे खाली रहें, क्योंकि विदेशों से जितने इंटरनेशनल अतिथियों को बुलाया गया था, उसके मुताबिक विदेशी अतिथि कांफ्रेंस में भाग लेने पहुंचे नहीं।

# घर में चल रहा था अवैध हुक्का बार, 5 पकड़े गए



- सरकंडा पुलिस ने की कार्रवाई
- मौके से फ्लेवर, सिल्वर फॉयल पॉट, कोल हीटर जब्त

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर में आर्यन पब्लिक स्कूल के पास पॉश इलाके में दबिश देकर पुलिस ने एक अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई की है। आरोपी अथर्व पाण्डेय अपने ही घर में युवाओं को नशे की परोस रहा था। मुखबिर की सूचना पर सरकंडा पुलिस ने गुरुवार रात करीब 10:40 बजे रेड की कार्रवाई की और 5 युवक हुक्का पीते और पिलाते रंगे हाथों पकड़े लिया है।

सरकंडा पुलिस के अनुसार राजकिशोर नगर निवासी अथर्व पाण्डेय उर्फ चिंकू अपने घर में तंबाकू युक्त फ्लेवर मिलाकर अवैध हुक्का बार संचालित कर रहा है। वहां आने वाले युवाओं से हर घंटे के लिए 500 रुपए वसूलता था। स्कूल के पास चोरी छिपे हुक्का जैसी गतिविधियों से स्थानीय निवासियों में भी आक्रोश था। पुलिस ने टीम गठित कर गवाहों के साथ पलास-16 स्थित मकान की घेराबंदी की। रेड के दौरान पुलिस ने पाया कि विनित एलानी मैनेजर के रूप में वहां मौजूद था और ग्राहकों को हुक्का परोस रहा था। मौके पर किन्सू विश्वास, यथार्थ कश्यप और समीर पटेल हुक्का पीते हुए मिले। पुलिस ने जब संचालक और मैनेजर से लाइसेंस के बारे में पूछताछ की, लेकिन वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मौके से 20 हजार रुपए मूल्य की सामग्री और नकद जब्त की है। मौके से 2 नग हुक्का पॉट, 1 नग कोल हीटर, रसीली ब्रांड फ्लेवर, सिल्वर फॉयल और नोजल बरामद किया गया है। मैनेजर विनित के पास से 4000 रुपए कैश भी मिले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 कोटपा की धारा 4, 21(1), 21(2) और 27 के तहत अपराध दर्ज किया है।

000 बालिग है आरोपी

पुलिस ने मामले में राजकिशोर नगर के पलास 16 निवासी अथर्व पांडेय पिता सुधीर कुमार पांडेय उम्र 18 वर्ष, रामकृष्ण एन्क्लेव सीपत चौक निवासी विनित एलानी पिता शंकर एलानी उम्र 24 वर्ष, पैसनिक अपार्टमेंट तोरवा निवासी किन्सू विश्वास पिता कृष्णा विश्वास उम्र 18 वर्ष, जोरापारा अलंकार भवन निवासी यथार्थ कश्यप पिता संजय कश्यप उम्र 18 और समीर पटेल पिता रामकुमार पटेल उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से युवक स्कूली लड़के और लड़कियों को हुक्का मुहय्या कराते है। कालोनीवासियों ने कई बार शिकायत भी की थी। शुरूआती जांच में आरोपियों के नाबालिग होने की बात सामने आ रही थी लेकिन सभी बालिग है।




# 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर व गांजे के साथ 2 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र के आसमां सिटी के पास मेंड्रा रोड पर ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति ग्राहक का इंतजार कर रहा था। मुखबीर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी हामिद अंसारी को पकड़ लिया। इस दौरान पूछताछ में और भी खुलासे हुए है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सकरी पुलिस को सूचना मिली कि हामिद अंसारी मेण्ड्रा रोड में पारदर्शी जिपर वाली पुडिया में अवैध नशीला ब्राउन शुगर के साथ खड़ा है और ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने टीम के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी हामिद अंसारी को पकडा लिया, आरोपी के कब्जे से 840 मिलीग्राम नशीली ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की। इस दौरान पता चला कि सकरी रामा लाइफ निवासी ईशान मंडलोई और अभिषेक विहार निवासी अमन तिवारी के माध्यम से नशीला मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, गांजा एवं देशी पिस्टल प्रयागराज से खरीदकर शहर लाए हैं। नशीला सामान और पिस्टल को ईशान मंडलोई के मकान रामा लाइफ सिटी में रखा गया है। आरोपी ईशान मंडलोई के घर की तलाशी ली गई और 25 ग्राम गांजा व 4 नग चीलम, 2 नग लाइटर जब्त किया गया।

इस दौरान पिस्टल या अवैध हथियार नहीं मिला है। ईशान मंडलोई के घर में अमन तिवारी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी हामिद असारी एवं अमन तिवारी के विरूद्ध एनडीपीएस के नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### जेल में बंद है ईशान

बताया जा रहा है कि सकरी रामा लाइफ निवासी ईशान मंडलोई पहले से ही अपराध क्रमांक 198/2026 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट, 185 एमवी एक्ट के तहत जेल में बंद है। उक्त कार्रवाई में टीआई विजय चौधरी, एसआई राजकुमार वस्त्रकार, पवन बंजारी, सज्जू अली, रामचंद्र कश्यप का सहयोग रहा।

## ड्राइवर से लूट, आरोपी पकड़ से बाहर

**बिलासपुर।** रास्ता रोकर कर ड्राइवर और उसके साथी से मारपीट करते हुए मोबाइल व 24 सौ रुपए की लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार विनायक विहार अमेरी निवासी आदित्य कोसले ड्राईवर का काम करता है। गुरुवार की रात 8 बजे व अपने ससुराल अमेरी गया था। खाना खाने के बाद अपने दोस्त अमन बघेल के साथ सोने के लिए विनायक विहार जाने लगा। इस दौरान दिलीप किराना स्टोर के पास पहुंचा था। जहां जरहाभाठा में रहने वाले लड़के ने उससे शराब दुकान के बारे में पूछने के लिए रोक लिया। इस दौरान आदित्य ने उसे जानकारी नहीं होने की बात कही, जिस पर युवकों ने उससे गाली गलौज करते हुए 2430 रुपए और अमन बघेल से मोबाइल छीन कर भागने लगे। इस दौरान दोनों ने लड़कों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन धक्का देकर भाग निकले। छीना झपटी में आदित्य के हाथ व पीठ में चोंट आई है वहीं मारपीट से अमन के हाथ और नाक में चोंट लगी है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# गैरेज संचालक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी के ग्राम गतौरा में जमीन विवाद को लेकर युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। अपने ही घर के पीछे जमीन देखने जा रहे गैरेज संचालक को आरोपी ने बीच रास्ते में रोककर 1 लाख रुपए की मांग की। जब पीड़ति ने पैसा देने से मना किया, तो आरोपी ने धारदार चाकू से उस पर हमला कर दिया।

ग्राम गतौरा निवासी इकबाल खान मोटरसाइकिल गैरेज चलाता है। गुरुवार सुबह 9 बजे के करीब अपनी पुश्तैनी जमीन देखने जनकपहारी जा रहा था, तभी आरोपी नन्चू राठौर ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने धमकी भरे लहजे में जमीन विवाद निबटाने के लिए उसे 1 लाख रुपए देने की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धारदार चाकू से इकबाल पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के बाएं हाथ की कलाई, गर्दन, सीने के दाहिनी तरफ और पीठ पर चोटें आई हैं। शोर मचाने और बचाव की कोशिश करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद उसे रिमांड पर जेल भेजा दिया गया।







# पोसैता स्टेशन में दो एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज आज से

**बिलासपुर।** आध्यात्मिक उत्त्थान मंडल ट्रस्ट के वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर में शामिल होने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए 28 फरवरी से 6 मार्च तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के पोसैता स्टेशन में एक मिनट के लिए दिया जा रहा है।

28 फरवरी से 6 मार्च तक दुर्ग सें रवाना होने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में 16.09 से 16.10 बजे तक और 13288 आरा जंक्शन से दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में 9.58 से 9.59 बजे तक, पुरी से रवाना होने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 7.34 से 7.35 बजे तक और 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में 15.38 से 15.39 बजे तक रोकी जाएगी।




